(क) वैज्ञानिकों ने हाल ही में किन-किन राज्यों में यूरेनियम के भण्डारों का पता लगाया है;

(ख) यूरेनियम की खोज का कर्य किन-किन स्थानों पर शुरू हो गया है;

(ग) अब तक कुल कितना यूरेनियम की खोज के लिए और अधिक आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ एस. वेणुगोपालाराची) : (क) यूरेनियम भंडारों का पता लगाने के लिए देश भर में प्रारंभिक सर्वेक्षण किए गए हैं । जिन राज्यों में यूरेनियम भंडारों के होने के आशाजनक संकेत मिल रहे हैं, वे हैं – मेघालय, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक ।

(ख) बिहार के सिंहभूम जिले में जादूगोड़ा, भाटिन और नरवापहाड़ की खानों में यूरेनियम का खनन किया जा रहा है ।

(ग) देश में उत्पादित यूरेनियम की मात्रा के बारे में जानकारी देना जनहित में नहीं है ।

(घ) और (ड) परमाणु ऊर्जा विभाग में परमाणु खनिज प्रभाग (ए एम डी) युरेनियम के अन्वेषण के लिए उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों को काम में लाकर सुदूर संवेदन, हवाई जहाज द्वारा लिए गए चित्रों के अध्ययन, वायुवाहित गामाकिरण और चुम्बकीय सर्वेक्षण आदि जैसी आधुनिक बहुआयामी तकनीकों को पहले से काम में ला रहा है । परमाणु खनिज प्रभाग की नवीं पंचवर्षीय योजना में कार्यकुशलता को बेहतर बनाने के लिए बेहतर उपस्करों जैसेकि वायु-वाहित चुम्बकीय आंकड़े इकट्ठा करने के लिए सीजियम वाष्प चुम्बकत्वमापी, भू-सर्वेक्षण के लिए क्षणिक वैद्युत चुम्बकत्वमापी, सर्वाधिक स्थिति-निर्धारण प्रणाली आदि, के जरिए आधुनिकीकरण की परिकल्पना की गई है ।

नया परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम

4272. **श्री अजीत जोगी :**
श्री राधाकिशन मालवीय :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में स्थापित परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए कोई नया परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस कार्यक्रम को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस.वेणुगोपालाचारी) : (क) से (ग) परमाणु ऊर्जा आयोग ने हाल ही में परमाणु विद्युत कार्यक्रम की समीक्षा की है और IX वीं योजनावधि में, जिसमें रूसी परिसंघ की सहायता से कुडानकुलम (तमिलनाडु) में 1000 मेगावाट वाले हलका पानी रिएक्टर के दो यूनिटों के अलावा तारापुर (महारष्ट्र) में 500 मेगावाट के दो यूनिटों, कैगा (कर्नाटक) में 220 मेगावाट के दो यूनिटों पर कार्य शुरू करने और इस योजना के अंत तक प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर पर काम शुरू करने की परिकल्पना की गई है, परमाणु विद्युत के विकास के लिए प्रस्तावों की सिफारिश की है ।

Thorium in sands on the Kollam Coastal Belt

4^73. DR. MOHAN BABU: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the sands on the Kollam Coastal belt have been found to contain thorium;

(b) whether scientific studies have established that the radiation levels from the Thorium are proving to be health hazards for .the people of the area; and

(c) if so, the steps taken to protect the people from radiation hazards?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) Yes, Sir. Stretches of sands of the Kollam coastal belt have been found to contain low percentage of monazite which is the ore for thorium.

(b) Scientific studies carried out for over four decades have not established that low level radiations from the thorium bearing sand deposits pose any health hazard to the people of the area.

(c) There are no discernible health hazards to the people. However, continuous monitoring has been going on.